# *भारत का विदेश व्यापार : 2007-08 (अप्रैल-सितंबर)**

अप्रैल-सितंबर 2007 के लिए भारत के वणिक माल व्यापार से संबंधित आँकड़े और अप्रैल-जून 2007 के लिए वस्तुवार ब्यौरे हाल ही में वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) द्वारा जारी किये गये हैं । इन आँकड़ों के आधार पर यह समीक्षा तैयार की गयी है ।

## मुख्य मुख्य बातें

- सितंबर 2007 के दौरान भारत के वणिक माल निर्यात में 19.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, जो पिछले महीने (अगस्त 2007) के 18.9 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर, लेकिन सितंबर 2006 के 26.9 प्रतिशत से कम है । अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान18.3 प्रतिशत के निर्यात अप्रैल-सितंबर 2006 के 27.1 प्रतिशत की तुलना में थोड़े नरम दिखाई पड़े ।

- सितंबर 2007 के दौरान आयातों में तेज गिरावट आयी और वह 2.3 प्रतिशत रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 30.5 प्रतिशत रहा था । अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान आयात वृद्धि 25.4 प्रतिशत पर सीमांतिक रूप से ऊँची थी, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 23.1 प्रतिशत थी ।

- वर्ष 2007-08 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में तेल से इतर आयात में 35.4 प्रतिशत पर महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 15.4 प्रतिशत) और इसने इस अवधि के दौरान कुल आयात वृद्धि में 92 प्रतिशत का योगदान किया ।

- अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान तेल आयात ने 6.1 प्रतिशत पर वृद्धि में तेज गिरावट दिखाई, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 41.2 प्रतिशत रही थी, जिसका मुख्य कारण अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान तेल की कीमत वृद्धि में नरमी होना था, जबकि आयात के परिमाण में वृद्धि में तेजी दिखाई पड़ी ।

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया । इस लेख का पिछला अंक भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन, नवंबर 2007 में प्रकाशित किया गया था ।

- अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत प्रति बैरल 69.2 अमरीकी डालर रही, जबकि एक वर्ष पूर्व यह प्रति बैरल 67.1 अमरीकी डालर रही थी ।


- वर्ष 2007-08 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर ) के दौरान व्यापार घाटा 37.0 बिलियन अमरीकी डालर का हुआ, जो पिछले वर्ष (26.0 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 11 बिलियन अमरीकी डालर अधिक था ।

## निर्यात

सितंबर 2007 के दौरान वणिक माल के निर्यात में सीमांतिक रूप से सुधार दिखाई पड़ा, जिसने पिछले माह अगस्त 2007 (18.9 प्रतिशत) की तुलना में 19.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की । तथापि, यह वृद्धि सितंबर 2006 में दिखाई पड़ी वृद्धि (26.9 प्रतिशत) से कम थी [चार्ट 1, विवरण 1] ।

वर्ष 2007-08 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर, 2007) के दौरान 72.2 बिलियन अमरीकी डालर पर समग्र निर्यात ने 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी, जो अप्रैल-

**चार्ट 1 : भारत के निर्यात में वृद्धि**




**सारणी ए : भारत का वणिक व्यापार : अप्रैल-सितंबर**

(मिलियन अमरीकी डालर)

| मदें | 2006-07 आर | 2007-08 पी |
|---|---|---|
| निर्यात | 61,035 | 72,220 |
| | (27.1) | (18.3) |
| तेल निर्यात* | 4,430 | 5,589 |
| | (106.7) | (26.2) |
| तेल से इतर निर्यात* | 24,652 | 29,499 |
| | (15.3) | (19.7) |
| आयात | 87,067 | 1,09,204 |
| | (23.1) | (25.4) |
| तेल आयात | 29,576 | 31,372 |
| | (41.2) | (6.1) |
| तेल से इतर आयात | 57,491 | 77,832 |
| | (15.4) | (35.4) |
| व्यापार शेष | -26,032 | -36,984 |

* : आँकड़े अप्रैल-जून से संबंधित हैं।

पी : अनंतिम आर : संशोधित।

**टिप्पणी** : कोष्ठक में दिये गये आँकड़े पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।


**स्रोत** : डीजीसीआईएंडएस।

सितंबर 2006 के दौरान हुई 27.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम थी (सारणी ए और विवरण 2) । वर्ष 2007-08 के लिए पहले छह महीनों में निर्यात-प्राप्तियों की वसूली वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा नियत लक्ष्य के लगभग 45 प्रतिशत तक हुई (160 बिलियन अमरीकी डालर), जबकि पिछले वर्ष यह 49 प्रतिशत हुई थी (125 बिलियन अमरीकी डालर) ।

अप्रैल-जून 2007 के लिए उपलब्ध पण्यवार आँकड़े सभी प्रमुख पण्य समूहों में निर्यात वृद्धि में गिरावट दर्शाते हैं, सिवाय रत्नों और आभूषणों के ।

पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरी सामान और रत्न एवं आभूषण ने एक साथ मिल कर समग्र निर्यात वृद्धि में 52 प्रतिशत का योगदान किया (विवरण 3) । जबकि कृषि और संबद्ध उत्पादों तथा वस्त्र एवं संबंधित उत्पादों के निर्यात में कमी दर्ज की गयी, रसायनों और इससे संबंधित उत्पादों की निर्यात वृद्धि में गिरावट दिखाई पड़ी । इसे प्रतिबिंबित करते हुए, समग्र निर्यात वृद्धि में उनके योगदान

**चार्ट 2 : निर्यात वृद्धि में चुनिंदा पण्यों का योगदान (अप्रैल-जून)**




का हिस्सा पिछले वर्ष की तदनुकूल अवधि की तुलना में कम था (चार्ट 2) ।

कृषि एवं संबद्ध उत्पादों के निर्यात में अप्रैल-जून 2007 के दौरान 0.2 प्रतिशत की कमी आयी, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 21.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। इसका कारण था प्रमुख मदों, यथा चीनी और शीरा, समुद्री उत्पाद, काजू, कपास, चाय और कॉफी के निर्यात में कमी होना । कृषि एवं संबद्ध उत्पादों के निर्यात में चालू वर्ष के दौरान कमी होना हाल के वर्षों में कृषि व्यापार की वैश्विक प्रवृत्ति से संगति रखते देखी गयी वृद्धि की प्रवृत्ति के विपरीत है।

विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि में भी 8.6 प्रतिशत पर गिरावट प्रदर्शित हुई (एक वर्ष पहले 14.6 प्रतिशत), जो मुख्यतः वस्त्र और वस्त्र उत्पादों के निर्यात में कमी तथा रसायनों एवं संबंधित उत्पादों और इंजीनियरी सामान के निर्यात में गिरावट के कारण आयी। इंजीनियरी सामान के निर्यात में गिरावट (18.5 प्रतिशत, जबकि एक वर्ष पूर्व 26.7 प्रतिशत) मशीनों और उपस्करों, धातु एवं इलेक्ट्रानिक सामान के निर्यात में नरमी के कारण आयी। रसायनों और संबंधित उत्पादों के निर्यात घटकर अप्रैल-जून 2007 के दौरान 4.5 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 14.4 प्रतिशत) हो गये ।

वस्त्र एवं वस्त्र उत्पादों के निर्यात में 11.1 प्रतिशत की कमी दिखाई पड़ी, जबकि एक वर्ष पूर्व 14.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । वस्त्र के निर्यात में वर्तमान वर्ष के दौरान निरंतर गिरावट का कारण था प्रमुख मदों, यथा, सिले-सिलाये कपड़े, सूती धागे, फैब्रिक तथा बने बनाये सामानों के निर्यात में कमी होना। इस अवधि में प्रमुख बाजारों यथा, अमेरिका, इटली और बांग्लादेश को निर्यात में भी कमी दिखाई पड़ी । अमेरिकी वाणिज्य विभाग, ऑफिस ऑफ टेक्सटाइल्स एंड एपेरल, के अनुसार अप्रैल-सतंबर 2007 के दौरान अमेरिका में भारत से कपड़ों और परिधानों का आयात घटकर मूल्य के हिसाब से 2.6 प्रतिशत रह गया (पिछले वर्ष की तदनुकूल अवधि में 9.5 प्रतिशत) और परिमाण के हिसाब से 1.5 प्रतिशत रह गया (एक वर्ष पूर्व 16.5 प्रतिशत) ।

रत्नों और आभूषणों के निर्यात ने अप्रैल-जून, 2007 के दौरान 21.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 0.7 प्रतिशत था, जिसमें अधिक निर्यात प्रमुख बाजारों (अमेरिका और हांगकांग) को किया गया । अप्रैल-अक्तूबर 2007 के लिए रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) से उपलब्ध नवीनतम आँकड़ों ने रत्नों एवं आभूषणों के निर्यात में पिछले वर्ष की तदनुकूल अवधि से 25.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी ।

अप्रैल-जून 2007 के दौरान प्रट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 26.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, जो एक वर्ष पूर्व के 106.7 प्रतिशत से काफी कम थी । पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात, जिसने वर्ष 2006-07 में 60.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की थी, ने चालू वर्ष के दौरान गिरावट दर्ज की (चार्ट 3) । प्रधान बाजारों, यथा यूएई, में किये गये निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में अप्रैल-जून 2007 के दौरान कमी दिखाई पड़ी ।

गंतव्य-स्थलवार यूरोपीय संघ (ईयू), पूर्वी यूरोप और अफ्रीका को भारत के निर्यात में तेज वृद्धि दिखाई दी,


## बॉक्स : कृषि उत्पादों का व्यापार और पण्य कीमतें

विश्व व्यापार, जो व्यापक चक्रीय उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील होता है, में हाल के वर्षों में तेजी दिखाई पड़ी है । कृषि निर्यात में हाल की तेजी में ऊँची पण्य-कीमतों का लाभ मिला, जबकि कृषि उत्पादन की वृद्धि में खासकर वर्ष 2004 से स्थिर गति से कमी होती गयी (सारणी 1) । माँग में मजबूती वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कारण आयी, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं से , यथा, चीन, और धीमी आपूर्ति प्रतिक्रिया को कीमत वृद्धि के लिए सामान्यतः कारण माना जाता है । 2003 से 2006 के दौरान खाद्यान्न सहित कृषि उत्पादों के निर्यात में 13 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर्ज की गयी ।


बीसवीं शताब्दी के शेष भाग में बाजार में अनेक कृषि उत्पादों की मांग में कमी होने के कारण कई पण्य-निर्भर विकासशील देशों की निर्यात आय प्रभावित हुई । तथापि, कृषि पण्य कीमतें 2002 के बाद से सुधरीं, जिसमें पिछले दो वर्षों में समेकन दिखाई पड़ा (चार्ट 1)। प्राथमिक पण्यों में खनिजों, अयस्कों और धातुओं की कीमतों को कीमत-वृद्धि का लाभ मिला । ताँबा, निकल, टंगस्टन अयस्क और जस्ता की कीमतें 2002-2006 की अवधि के दौरान दुगुनी से अधिक हो गयीं । प्राथमिक उत्पादों में कीमत-वृद्धि का वर्तमान चरण जैव ईंधन की मांग में वृद्धि होने के कारण भी हुआ, जो ऊर्जा-कीमतों की गतिविधियों से संबद्ध है (युएनसीटीएडी, 2007)। मक्का और चीनी जैसे पण्यों की मांग में, जिनका उपयोग इथेनॉल और जैव डीजल के लिए वनस्पति तेलों के उत्पादन में किया जाता है, वृद्धि देखी गयी।

भारत के कृषि निर्यात में भी तत्समान पैटर्न प्रदर्शित हुआ, जैसाकि विश्व स्तर पर दिखाई देता है । मूल्य की दृष्टि से भारत से कृषि उत्पादों के निर्यात 2000-01 में 6.0 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में 2006-07 में दुगुने होकर 12.5 बिलियन अमरीकी डालर के बराबर हो गये । मूल्य की दृष्टि से निर्यात और इकाई मूल्य में मापित कीमतों में 2003-04 से स्थिर गति से वृद्धि देखी गयी (चार्ट 2) । तथापि, भारत के समग्र निर्यात में कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का हिस्सा लगभग 10 प्रतिशत पर अवरुद्ध हो गया है, जो चाय, कॉफी, मसालों, आदि जैसी परंपरागत मदों के निर्यात में व्यापक उतार-चढ़ाव से उत्पन्न हुआ है।

### चार्ट 1 : विश्व पण्य कीमतों और कृषि निर्यात की प्रवृत्ति




### चार्ट 2 : भारत के कृषि निर्यात और निर्यात मूल्य की प्रवृत्ति





### सारणी 1 : विश्व कृषि उत्पादन और व्यापार की प्रवृत्ति

(वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन)

| | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) कृषि उत्पादन (परिमाण में) | 1.5 | 2.5 | 5.0 | 1.5 | 1.0 |
| (2) कृषि निर्यात (परिमाण में) | 3.5 | 3.5 | 3.5 | 6.0 | 6.0 |
| (3) कृषि निर्यात (मूल्य में) | 6.1 | 16.4 | 15.0 | 8.2 | 11.0 |
| (4) कीमतें (क) खाद्यान्न | -0.5 | 1.9 | 13.9 | 7.2 | 19.0 |
| (ख) वनस्पति तिलहन एवं तेल | 24.9 | 17.4 | 13.2 | -9.5 | 5.0 |
| (ग) खनिज, अयस्क एवं धातुएँ | -2.7 | 12.4 | 40.7 | 26.2 | 60.3 |

**स्रोत** : डब्लूटीओ इंटरनेशनल ट्रेड स्टैटिस्टिक्स, विविध मुद्दे; यूएनसीटीएडी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2006 और 2007।

**चार्ट 3 : पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात की प्रवृत्ति**




जबकि उत्तरी अमेरिका, ओपेक और विकासशील देशों को निर्यात में अप्रैल-जून 2007 के दौरान नरमी दिखाई पड़ी (विवरण 4)।

## आयात

अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान भारत का वणिक माल आयात 109.2 बिलियन अमरीकी डालर के बराबर हुआ, जो 25.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है (एक वर्ष पूर्व 23.1 प्रतिशत)। 77.8 बिलियन अमरीकी डालर के तेल से इतर आयात ने इस अवधि के दौरान आयात में समग्र वृद्धि में 92 प्रतिशत का योगदान किया, जबकि तेल के आयात में तेज गिरावट आयी।

अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान पीओएल के आयात में गिरावट (6.1 प्रतिशत, जबकि एक वर्ष पूर्व 41.2 प्रतिशत) का कारण मुख्यतः कच्चे तेल की कीमतों में संयत वृद्धि रही , जबकि आयात का परिमाण पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहा । भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत अप्रैल-सितंबर, 2007 के दौरान प्रति बैरल 69.2 अमरीकी डालर रही, जो पिछले वर्ष की तदनुकूल अवधि (25.2 प्रतिशत) से सीमांतिक रूप से 3.1 प्रतिशत अधिक थी [सारणी बी]। अप्रैल-जून 2007 के दौरान पीओएल आयात का परिमाण 17.9 प्रतिशत तक अधिक था, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह 16.7 प्रतिशत था ।

अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान तेल से इतर आयात में 35.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 15.4 प्रतिशत) । अप्रैल-जून 2007 के लिए उपलब्ध पण्यवार आँकड़ों से यह प्रकट हुआ कि तेल से इतर आयात में वृद्धि (32.7 प्रतिशत) में प्रमुख योगदान सोने और चाँदी के आयात ने किया, जिसके बाद पूँजीगत वस्तुओं (21.2 प्रतिशत) का स्थान आता है। इस अवधि के दौरान जबकि पूँजीगत वस्तुओं, कोयला, कोक और ब्रिकेट, रसायनों मेटलिफेरस अयस्कों तथा धातु कतरनों का हिस्सा आयात वृद्धि में कम रहा, सोना, चाँदी, मोती, मूल्यवान तथा अर्ध मूल्यवान पत्थरों और लोहा तथा इस्पात ने आयात में वृद्धि दर्ज की (विवरण 5 और चार्ट 4)।

**सारणी बी : कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्ति**


(अमरीकी डालर/बैरल)

| | दुबई | यू.के. ब्रेंट | यूएस-डब्ल्यूटीआई | भारतीय समूह* |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 38.9 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.3 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.3 |
| 2006-07 (अप्रैल-सितंबर) | 65.3 | 69.9 | 70.4 | 67.1 |
| 2007-08 (अप्रैल-सितंबर) | 67.3 | 71.9 | 70.2 | 69.2 |
| सितंबर 2006 | 59. 8 | 62.8 | 63.8 | 61.0 |
| सितंबर 2007 | 73.3 | 77.1 | 79.9 | 74.8 |

* : भारतीय समूह में 59.8 प्रतिशत 'सावर' बेराइटी, जिसका बेंचमार्क दुबई क्रुड द्वारा और 40.2 प्रतिशत 'स्वीट' वेराइटी, जिसका बेंचमार्क यू.के. ब्रेंट द्वारा किया जाता है, समाविष्ट हैं ।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक का कम्मोडिटी प्राइस पिंक शीट, सितंबर 2007।

**चार्ट 4 : चुनिंदा पण्यों का तेल से इतर आयातों की वृद्धि में योगदान (अप्रैल-जून)**




स्रोतवार दृष्टि से अप्रैल-जून 2007 के दौरान चीन आयात का प्रमुख स्रोत रहा (तेल और तेल से इतर आयात), जो कुल आयात के 10.7 प्रतिशत के लिए जिम्मेवार था। इसके बाद स्विट्जरलैंड (7.0 प्रतिशत), यूएई (6.0 प्रतिशत), सऊदी अरब (5.8 प्रतिशत), अमेरिका (4.9 प्रतिशत), आस्ट्रेलिया (4.6 प्रतिशत), ईरान (4.3 प्रतिशत) और जर्मनी (3.9 प्रतिशत) का स्थान आता है [विवरण 6]।

## व्यापार घाटा

सितंबर 2007 में 4.4 बिलियन अमरीकी डालर पर व्यापार घाटा एक वर्ष पूर्व के 6.1 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में कम था, जो आयात में धीमी वृद्धि के कारण संभव हुआ था । अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान 37.0 बिलियन अमरीकी डालर पर समग्र व्यापार घाटा पिछले वर्ष (26.0 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 11.0 बिलियन अमरीकी डालर अधिक था [विवरण 2]। तेल के खाते में व्यापार घाटा अप्रैल-जून 2007 के दौरान 2.1 बिलियन अमरीकी डालर बढ़कर 11.4 बिलियन अमरीकी डालर हो गया, जबकि तेल से इतर व्यापार घाटा 7.5 बिलियन अमरीकी डालर बढ़कर 10.1 बिलियन अमरीकी डालर हो गया।

## वैश्विक गतिविधियाँ

आईएमएफ, इंटरनेशनल फाइनैंशियल स्टैटिस्टिक्स डाटा के आधार पर विश्व निर्यात ने 2007 के पहले सात महीनों (जनवरी-जुलाई) में 14.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (एक वर्ष पूर्व 13.9 प्रतिशत) । औद्योगिकीकृत देशों से निर्यात में 13.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 10.4 प्रतिशत), जबकि विकासशील देशों ने 15.2 प्रतिशत पर नरमी दिखाई (18.6 प्रतिशत)।

यूएस ब्यूरो ऑफ इकॉनॉमिक एनैलिसिस (बीईए) के अनुसार जनवरी-सितंबर 2007 के दौरान अमेरिका के निर्यात (12.0 प्रतिशत) में आयात (4.0 प्रतिशत) की तुलना में उच्च वृद्धि दर्ज की गयी। यूरोपियन यूनियन के मामले में यूरो स्टैट के अनुसार व्यापार में गिरावट दर्ज की गयी, जबकि निर्यात में जनवरी-सितंबर 2007 के दौरान 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 11.3 प्रतिशत) और आयात में 4.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 18.0 प्रतिशत) । जापान के निर्यात में जनवरी-सितंबर 2007 के दौरान 13.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी (एक वर्ष पूर्व 13.3 प्रतिशत) और आयात 8.4 प्रतिशत बढ़े (एक वर्ष पूर्व 16.9 प्रतिशत)।

उभरते बाजारों के बीच चीन का निर्यात, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार जनवरी-सितंबर 2007 के दौरान 27.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात 19.1 प्रतिशत बढ़ा । मलयेशिया के निर्यात में, मलयेशिया के डिपार्टमेंट ऑफ स्टैटिस्टिक्स के अनुसार इसी अवधि में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, जबकि आयात 2.9 प्रतिशत बढ़ा। जनवरी-सितंबर 2007 के दौरान थाइलैंड का निर्यात 16.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 16.0 प्रतिशत बढ़ा था।

**विवरण 1 : सितंबर 2007 महीने में भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 37,138 (16.4) | 4,596 (55.2) | 32,542 (12.5) | 56,632 (30.4) | 17,778 (49.8) | 38,854 (23.1) | -19,494 | -13,182 | -6,312 |
| 2006-07 सं | 49,486 (33.3) | 7,307 (59.0) | 42,179 (29.6) | 77,611 (37.0) | 23,808 (33.9) | 53,803 (38.5) | -28,125 | -16,501 | -11,624 |
| 2007-08 अ | 51,622 (4.3) | .. | .. | 69,456 (-10.5) | 22,179 (-6.8) | 47,277 (-12.1) | -17,834 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 8,457 (22.2) | 1,046 (62.9) | 7,410 (18.1) | 12,896 (36.9) | 4,048 (57.2) | 8,902 (30.1) | -4,439 | -3,002 | -1,491 |
| 2006-07 सं | 10,730 (26.9) | 1,584 (51.4) | 9,146 (23.4) | 16,829 (30.5) | 5,162 (27.5) | 11,666 (31.1) | -6,098 | -3,578 | -2,521 |
| 2007-08 अ | 12,797 (19.3) | .. | .. | 17,218 (2.3) | 5,498 (6.5) | 11,720 (0.5) | -4,421 | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 5,768 (22.1) | 714 (62.7) | 5,054 (17.9) | 8,795 (36.7) | 2,761 (57.0) | 6,034 (29.1) | -3,027 | -2,047 | -980 |
| 2006-07 सं | 7,242 (25.6) | 1,069 (49.8) | 6,215 (23.0) | 11,358 (29.1) | 3,484 (26.2) | 7,874 (30.5) | -4,116 | -2,415 | -1,658 |
| 2007-08 अ | 8,290 (14.5) | .. | .. | 11,154 (-1.8) | 3,562 (2.2) | 7,592 (-3.6) | -2,864 | | |

अः अनंतिम। संः संशोधित। .. : अनुपलब्ध।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल - मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 375,340 (27.9) | 31,404 (91.5) | 343,935 (24.2) | 501,065 (39.5) | 134,094 (41.9) | 366,971 (38.7) | -125,725 | -102,690 | -23,035 |
| 2005-2006 सं | 456,418 (21.6) | 51,533 (64.1) | 404,885 (17.7) | 660,409 (31.8) | 194,640 (45.2) | 465,769 (26.9) | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| 2006-2007 अ | 571,779 (25.3) | 84,520 (64.0) | 487,259 (20.3) | 840,506 (27.3) | 258,572 (32.8) | 581,935 (24.9) | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 83,536 (30.8) | 6,989 (95.9) | 76,547 (27.0) | 111,517 (42.7) | 29,844 (45.1) | 81,673 (41.8) | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| 2005-2006 सं | 103,091 (23.4) | 11,640 (66.5) | 91,451 (19.5) | 149,166 (33.8) | 43,963 (47.3) | 105,203 (28.8) | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| 2006-2007 अ | 126,361 (22.6) | 18,679 (60.5) | 107,683 (17.7) | 185,749 (24.5) | 57,144 (30.0) | 128,606 (22.2) | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 56,081 (25.6) | 4,692 (88.0) | 51,389 (21.9) | 74,866 (36.9) | 20,036 (39.2) | 54,830 (36.1) | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| 2005-2006 सं | 70,774 (26.2) | 7,991 (70.3) | 62,783 (22.2) | 102,405 (36.8) | 30,182 (50.6) | 72,224 (31.7) | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| 2006-2007 अ | 85,018 (20.1) | 12,567 (57.3) | 72,451 (15.4) | 124,975 (22.0) | 38,447 (27.4) | 86,528 (19.8) | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| **अप्रैल - सितंबर** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 209,656 | 21,354 | 188,302 | 308,816 | 91,452 | 217,364 | -99,160 | -70,098 | -29,062 |
| 2006-2007 सं | 280,275 (33.7) | 45,719 (114.1) | 234,556 (24.6) | 399,815 (29.5) | 135,815 (48.5) | 264,000 (21.5) | -119,540 | -90,096 | -29,444 |
| 2007-2008 अ | 295,233 (5.3) | .. | .. | 446,421 (11.7) | 128,247 (-5.6) | 318,174 (20.5) | -151,188 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 48,033 (33.4) | 4,892 (67.2) | 43,141 (30.5) | 70,751 (47.0) | 20,952 (43.7) | 49,799 (48.5) | -22,718 | -16,060 | -6,658 |
| 2006-2007 सं | 61,035 (27.1) | 9,956 (103.5) | 51,079 (18.4) | 87,067 (23.1) | 29,576 (41.2) | 57,491 (15.4) | -26,032 | -19,620 | -6,412 |
| 2007-2008 अ | 72,220 (18.3) | 5589 * (26.2) | 29499 * (19.7) | 109,204 (25.4) | 31,372 (6.1) | 77,832 (35.4) | -36,984 | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 32,534 (32.2) | 3,314 (65.7) | 29,220 (29.3) | 47,921 (45.7) | 14,191 (42.4) | 33,730 (47.1) | -15,387 | -10,878 | -4,510 |
| 2006-2007 सं | 41,300 (26.9) | 6,737 (103.3) | 34,563 (18.3) | 58,915 (22.9) | 20,013 (41.0) | 38,902 (15.3) | -17,615 | -13,276 | -4,339 |
| 2007-2008 अ | 47,341 (14.6) | .. | .. | 71,584 (21.5) | 20,564 (2.8) | 51,019 (31.1) | -24,243 | | |

अ : अनंतिम    सं : संशोधित    .. : अनुपलब्ध    * : आंकड़े अप्रैल-जून महीने से संबंधित हैं।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ों में परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **3,729.3** | **4,366.8** | **4,543.9** | **17.1** | **4.1** |
| | **(15.9)** | **(15.0)** | **(12.9)** | | |
| **क. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **2,280.6** | **2,773.6** | **2,768.3** | **21.6** | **-0.2** |
| *जिसमें से :* | **(9.7)** | **(9.5)** | **(7.9)** | | |
| 1. चाय | 83.0 | 87.8 | 71.6 | 5.8 | -18.4 |
| 2. कॉफी | 110.1 | 127.2 | 115.7 | 15.5 | -9.1 |
| 3. चावल | 363.9 | 274.3 | 504.5 | -24.6 | 84.0 |
| 4. गेहूं | 73.1 | 4.9 | 0.1 | -93.3 | -98.4 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 86.6 | 244.6 | 113.6 | 182.5 | -53.6 |
| 6. तंबाकू | 65.2 | 88.0 | 104.8 | 35.1 | 19.0 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 171.6 | 135.8 | 125.4 | -20.9 | -7.7 |
| 8. मसाले | 112.6 | 141.9 | 211.8 | 26.0 | 49.3 |
| 9. तेल खाद्य | 166.7 | 167.3 | 193.9 | 0.4 | 15.9 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 314.2 | 307.1 | 270.0 | -2.3 | -12.1 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 10.0 | 376.3 | 295.1 | 3676.7 | -21.6 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **1,448.6** | **1,593.2** | **1,775.6** | **10.0** | **11.4** |
| *जिसमें से :* | **(6.2)** | **(5.5)** | **(5.1)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 909.4 | 858.4 | 981.2 | -5.6 | 14.3 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 238.4 | 363.6 | 302.6 | 52.5 | -16.8 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **16,838.7** | **19,291.4** | **20,941.6** | **14.6** | **8.6** |
| *जिसमें से :* | **(71.6)** | **(66.3)** | **(59.7)** | | |
| **क. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **627.6** | **644.4** | **659.7** | **2.7** | **2.4** |
| **ख. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **3,406.1** | **3,896.2** | **4,072.0** | **14.4** | **4.5** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाइयां और प्रसाधन सामग्री | 2,020.3 | 2,463.8 | 2,622.3 | 22.0 | 6.4 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 771.7 | 710.1 | 691.7 | -8.0 | -2.6 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि, | 463.6 | 552.0 | 586.4 | 19.1 | 6.2 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 150.5 | 170.4 | 171.6 | 13.2 | 0.7 |
| **ग. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **5,141.0** | **6,515.1** | **7,720.5** | **26.7** | **18.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 952.5 | 1,116.0 | 1,265.9 | 17.2 | 13.4 |
| 2. मशीन और उपकरण | 1,129.2 | 1,575.6 | 1,794.3 | 39.5 | 13.9 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 1,265.2 | 1,336.1 | 1,688.8 | 5.6 | 26.4 |
| 4. लोहा और इस्पात | 897.4 | 1,018.9 | 1,194.7 | 13.5 | 17.3 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 449.2 | 638.1 | 647.9 | 42.0 | 1.5 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **3,786.1** | **4,318.5** | **3,839.0** | **14.1** | **-11.1** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं, आदि, | 907.6 | 1,023.5 | 853.4 | 12.8 | -16.6 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा, उससे बनी हुई वस्तुएं (सिल्क कतरन सहित) | 110.2 | 105.3 | 100.1 | -4.4 | -5.0 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 440.8 | 495.7 | 522.4 | 12.4 | 5.4 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 18.6 | 29.8 | 60.0 | 60.6 | 101.1 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 22.2 | 21.4 | 21.0 | -3.5 | -2.1 |
| 6. तैयार कपड़े | 1,999.8 | 2,324.3 | 2,020.8 | 16.2 | -13.1 |
| 7. जूट और जूट विनिर्माण | 71.0 | 66.8 | 64.7 | -5.8 | -3.1 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 28.9 | 30.8 | 30.2 | 6.8 | -1.9 |
| 9. कार्पेट | 187.0 | 220.7 | 166.3 | 18.0 | -24.7 |
| (अ) हस्त निर्मित कार्पेट | 183.3 | 216.7 | 163.8 | 18.2 | -24.4 |
| (ब) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (क) रेशमी कार्पेट | 3.7 | 4.0 | 2.5 | 7.7 | -37.6 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **3,524.4** | **3,549.1** | **4,293.8** | **0.7** | **21.0** |
| **च. हस्त शिल्प** | **117.7** | **110.3** | **62.3** | **-6.2** | **-43.5** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **2,143.5** | **4,429.5** | **5,588.6** | **106.7** | **26.2** |
| | **(9.1)** | **(15.2)** | **(15.9)** | | |
| **IV. अन्य** | **816.3** | **993.5** | **4,013.9** | **21.7** | **304.0** |
| | **(3.5)** | **(3.4)** | **(11.4)** | | |
| **कुल निर्यात** | **23,527.7** | **29,081.3** | **35,088.0** | **23.6** | **20.7** |

अ : अनंतिम।
**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े कुल निर्यात में उस अवधि के प्रतिशत अंश से संबंधित हैं।
**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **10,305.3** | **11,767.8** | **13,493.7** | **14.2** | **14.7** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **5,262.8** | **5,760.9** | **6,952.9** | **9.5** | **20.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 642.4 | 710.6 | 1,022.3 | 10.6 | 43.9 |
| 2. फ्रान्स | 659.1 | 614.1 | 555.7 | -6.8 | -9.5 |
| 3. जर्मनी | 801.4 | 940.8 | 1,093.9 | 17.4 | 16.3 |
| 4. इटली | 603.5 | 762.0 | 923.2 | 26.3 | 21.2 |
| 5. नीदरलैंड | 505.8 | 466.5 | 784.9 | -7.8 | 68.3 |
| 6. यूके | 1,185.2 | 1,280.2 | 1,465.0 | 8.0 | 14.4 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **3,874.9** | **4,643.3** | **4,950.2** | **19.8** | **6.6** |
| 1. कनाडा | 240.3 | 269.6 | 278.0 | 12.2 | 3.1 |
| 2. अमरीका | 3,634.6 | 4,373.7 | 4,672.1 | 20.3 | 6.8 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **836.6** | **986.1** | **1,039.4** | **17.9** | **5.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 183.3 | 202.5 | 202.7 | 10.5 | 0.1 |
| 2. जापान | 597.7 | 567.6 | 803.4 | -5.0 | 41.6 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **331.0** | **377.5** | **551.2** | **14.0** | **46.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 114.2 | 104.4 | 146.5 | -8.6 | 40.3 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **3,278.4** | **4,922.3** | **6,390.8** | **50.1** | **29.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 289.2 | 467.4 | 420.9 | 61.6 | -9.9 |
| 2. ईरान | 176.0 | 438.1 | 674.2 | 148.9 | 53.9 |
| 3. इराक | 25.5 | 61.6 | 55.7 | 141.4 | -9.6 |
| 4. कुवैत | 128.1 | 150.3 | 153.2 | 17.3 | 1.9 |
| 5. सऊदी अरब | 422.3 | 511.8 | 826.5 | 21.2 | 61.5 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 1,871.4 | 2,913.6 | 3,807.1 | 55.7 | 30.7 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **450.6** | **530.0** | **746.0** | **17.6** | **40.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 26.9 | 35.7 | 63.7 | 32.9 | 78.2 |
| 2. रूस | 179.0 | 181.8 | 192.5 | 1.6 | 5.9 |
| **IV. विकासशील देश** | **9,445.4** | **11,809.1** | **14,342.4** | **25.0** | **21.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **क. एशिया** | **7,435.1** | **9,142.5** | **10,300.3** | **23.0** | **12.7** |
| **अ) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **1,328.1** | **1,777.6** | **1,927.3** | **33.8** | **8.4** |
| 1. बांग्ला देश | 408.0 | 419.8 | 475.1 | 2.9 | 13.2 |
| 2. भूटान | 28.9 | 14.2 | 18.3 | – | 28.4 |
| 3. मालदीव | 14.6 | 14.0 | 17.4 | -4.3 | 24.3 |
| 4. नेपाल | 195.2 | 222.1 | 317.9 | 13.8 | 43.1 |
| 5. पाकिस्तान | 166.7 | 428.2 | 406.5 | 156.9 | -5.1 |
| 6. श्रीलंका | 489.3 | 644.1 | 644.6 | 31.6 | 0.1 |
| 7. अफगानिस्तान | 25.5 | 35.2 | 47.7 | 38.1 | 35.6 |
| **आ) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **6,107.0** | **7,364.9** | **8,373.0** | **20.6** | **13.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 1,514.5 | 1,816.9 | 1,926.4 | 20.0 | 6.0 |
| 2. हांगकांग | 1,060.9 | 1,036.4 | 1,288.7 | -2.3 | 24.3 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 382.9 | 392.5 | 515.1 | 2.5 | 31.2 |
| 4. मलेशिया | 234.8 | 269.6 | 377.5 | 14.8 | 40.0 |
| 5. सिंगापुर | 1,567.8 | 1,852.2 | 1,640.5 | 18.1 | -11.4 |
| 6. थाइलैंड | 248.8 | 325.0 | 300.7 | 30.6 | -7.5 |
| **ख. अफ्रीका** | **1,286.8** | **1,811.5** | **3,224.0** | **40.8** | **78.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 22.9 | 23.9 | 48.9 | 4.2 | 104.7 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 173.8 | 149.8 | 283.7 | -13.8 | 89.4 |
| 3. केन्या | 150.4 | 314.8 | 299.7 | 109.3 | -4.8 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 316.5 | 502.9 | 751.0 | 58.9 | 49.3 |
| 5. सूडान | 89.9 | 107.3 | 78.8 | 19.4 | -26.6 |
| 6. तंजानिया | 45.1 | 52.9 | 105.7 | 17.1 | 100.0 |
| 7. जांबिया | 16.4 | 19.4 | 40.6 | 18.0 | 109.8 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **723.5** | **855.2** | **818.0** | **18.2** | **-4.3** |
| **V. अन्य** | **26.7** | **20.7** | **24.9** | **-22.6** | **20.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **21.2** | **31.4** | **90.2** | **48.5** | **186.7** |
| **कुल निर्यात** | **23,527.7** | **29,081.3** | **35,088.0** | **23.6** | **20.7** |

अ : अनंतिम।
**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5: भारत से मुख्य वस्तुओं का आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **13,503.2** | **19,045.7** | **24,860.2** | **41.0** | **30.5** |
| | **(39.3)** | **(46.5)** | **(43.9)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **9,444.9** | **13,717.2** | **16,982.3** | **45.2** | **23.8** |
| | **(27.5)** | **(33.5)** | **(30.0)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **609.7** | **679.2** | **955.9** | **11.4** | **40.7** |
| 1. गेहूं | 0.0 | 0.0 | 12.0 | – | – |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 9.0 | 9.4 | 8.6 | 4.8 | -8.6 |
| 3. खाद्य तेल | 462.2 | 529.8 | 682.8 | 14.6 | 28.9 |
| 4. दाल | 92.6 | 139.7 | 252.3 | 50.9 | 80.6 |
| 5. चीनी | 45.9 | 0.2 | 0.2 | – | – |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **3,448.6** | **4,649.3** | **6,922.0** | **34.8** | **48.9** |
| 1. उर्वरक | 412.2 | 500.5 | 697.3 | 21.4 | 39.3 |
| क) कच्चा माल | 80.4 | 85.9 | 126.8 | 6.8 | 47.7 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेट आयरन पाइराइट्स | 37.4 | 24.4 | 39.4 | -34.6 | 61.1 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएं | 294.4 | 390.2 | 531.1 | 32.5 | 36.1 |
| 2. अलौह धातु | 432.6 | 608.8 | 765.9 | 40.7 | 25.8 |
| 3. कागज, कागजी बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 251.8 | 313.1 | 334.3 | 24.3 | 6.8 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 120.9 | 139.7 | 180.7 | 15.5 | 29.4 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 144.5 | 151.9 | 176.5 | 5.1 | 16.2 |
| 6. धातुमय कच्ची अयस्क और रद्दी धातु | 879.0 | 1,603.6 | 2,486.4 | 82.4 | 55.1 |
| 7. लोहा और इस्पात | 1,207.7 | 1,331.8 | 2,280.8 | 10.3 | 71.3 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **20,898.4** | **21,889.4** | **31,764.8** | **4.7** | **45.1** |
| | **(60.7)** | **(53.5)** | **(56.1)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **6,919.5** | **9,545.1** | **12,184.7** | **37.9** | **27.7** |
| 1. धातु से निर्मित | 301.0 | 343.2 | 461.1 | 14.0 | 34.3 |
| 2. मशीन औजार | 228.5 | 282.9 | 404.3 | 23.9 | 42.9 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 2,225.6 | 2,969.8 | 4,018.1 | 33.4 | 35.3 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 347.7 | 455.1 | 571.4 | 30.9 | 25.5 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 2,890.5 | 3,938.8 | 4,930.4 | 36.3 | 25.2 |
| 6. परिवहन के साधन | 696.5 | 1,010.3 | 1,493.8 | 45.0 | 47.9 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 229.8 | 545.0 | 305.6 | 137.1 | -43.9 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **5,036.8** | **4,259.7** | **5,309.5** | **-15.4** | **24.6** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और कम बहुमूल्य रत्न | 2,746.7 | 1,811.5 | 2,312.2 | -34.0 | 27.6 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 1,670.2 | 1,806.8 | 2,346.1 | 8.2 | 29.8 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, आदि | 489.2 | 541.5 | 558.8 | 10.7 | 3.2 |
| 4. काजू, कच्चा माल | 130.8 | 100.0 | 92.5 | -23.6 | -7.5 |
| **ग. अन्य** | **8,942.0** | **8,084.5** | **14,270.6** | **-9.6** | **76.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 4,268.7 | 2,974.7 | 7,043.7 | -30.3 | 136.8 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 505.1 | 617.7 | 847.0 | 22.3 | 37.1 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 470.0 | 556.1 | 729.4 | 18.3 | 31.2 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 958.4 | 1,069.7 | 1,481.3 | 11.6 | 38.5 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 217.2 | 282.1 | 373.8 | 29.9 | 32.5 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 251.4 | 355.7 | 352.9 | 41.5 | -0.8 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 143.9 | 181.6 | 206.3 | 26.2 | 13.6 |
| **कुल आयात** | **34,401.6** | **40,935.1** | **56,625.0** | **19.0** | **38.3** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **24,956.7** | **27,217.8** | **39,642.7** | **9.1** | **45.6** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **20,688.0** | **24,243.1** | **32,599.0** | **17.2** | **34.5** |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टियां*** | **19,313.9** | **22,617.7** | **30,382.6** | **17.1** | **34.3** |

अ : अनंतिम।
* : सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण ।
**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 P | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **12,644.2** | **13,143.8** | **19,476.0** | **4.0** | **48.2** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **5,674.4** | **5,923.9** | **7,776.7** | **4.4** | **31.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,458.4 | 932.2 | 1,294.8 | -36.1 | 38.9 |
| 2. फ्रान्स | 380.0 | 460.5 | 525.7 | 21.2 | 14.2 |
| 3. जर्मनी | 1,417.2 | 1,751.4 | 2,180.9 | 23.6 | 24.5 |
| 4. इटली | 415.4 | 541.7 | 801.4 | 30.4 | 47.9 |
| 5. नीदरलैंड | 284.0 | 241.3 | 402.7 | -15.0 | 66.8 |
| 6. यूके | 958.6 | 933.0 | 1,234.4 | -2.7 | 32.3 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **2,052.9** | **2,663.4** | **3,085.0** | **29.7** | **15.8** |
| 1. कनाडा | 219.6 | 250.5 | 337.3 | 14.1 | 34.6 |
| 2. अमरीका | 1,833.3 | 2,412.9 | 2,747.7 | 31.6 | 13.9 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **2,237.0** | **2,700.5** | **4,168.0** | **20.7** | **54.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 1,365.0 | 1,524.0 | 2,587.4 | 11.6 | 69.8 |
| 2. जापान | 825.1 | 1,112.4 | 1,493.4 | 34.8 | 34.3 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **2,679.9** | **1,855.9** | **4,446.4** | **-30.7** | **139.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्ज़रलैंड | 2,596.9 | 1,700.5 | 3,946.8 | -34.5 | 132.1 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **2,679.8** | **13,395.2** | **17,008.6** | **399.9** | **27.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 612.7 | 807.0 | 1,247.2 | 31.7 | 54.5 |
| 2. ईरान | 168.9 | 1,605.8 | 2,426.7 | 850.7 | 51.1 |
| 3. इराक | 0.7 | 1,407.1 | 1,476.3 | – | – |
| 4. कुवैत | 72.5 | 1,489.7 | 1,470.6 | 1,955.3 | -1.3 |
| 5. सऊदी अरब | 351.0 | 3,259.2 | 3,284.6 | 828.5 | 0.8 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 1,266.1 | 2,274.7 | 3,408.6 | 79.7 | 49.8 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,012.2** | **904.4** | **1,229.6** | **-10.6** | **35.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 88.4 | 57.2 | 121.2 | -35.3 | 111.9 |
| 2. रूस | 522.0 | 376.5 | 474.3 | -27.9 | 26.0 |
| **IV. विकासशील देश** | **8,561.5** | **13,372.9** | **18,586.3** | **56.2** | **39.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **6,905.8** | **10,732.3** | **14,621.5** | **55.4** | **36.2** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **311.2** | **398.1** | **396.1** | **27.9** | **-0.5** |
| 1. बांग्ला देश | 20.2 | 59.4 | 70.4 | 194.3 | 18.6 |
| 2. भूटान | 24.8 | 24.4 | 47.0 | -1.8 | 92.7 |
| 3. मालदीव | 0.5 | 0.7 | 1.0 | – | – |
| 4. नेपाल | 88.4 | 58.5 | 96.8 | -33.8 | 65.5 |
| 5. पाकिस्तान | 33.8 | 82.1 | 68.2 | 142.7 | -16.9 |
| 6. श्रीलंका | 131.9 | 153.7 | 97.7 | 16.5 | -36.5 |
| 7. अफगानिस्तान | 11.5 | 19.3 | 15.0 | 67.5 | -22.0 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **6,594.6** | **10,334.2** | **14,225.4** | **56.7** | **37.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 2,348.6 | 3,650.2 | 6,079.6 | 55.4 | 66.6 |
| 2. हांगकांग | 499.1 | 565.0 | 709.5 | 13.2 | 25.6 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 995.1 | 1,079.4 | 1,375.8 | 8.5 | 27.5 |
| 4. मलेशिया | 595.8 | 1,209.6 | 1,348.6 | 103.0 | 11.5 |
| 5. सिंगापुर | 776.4 | 1,423.0 | 1,766.6 | 83.3 | 24.2 |
| 6. थाइलैंड | 299.3 | 389.4 | 547.0 | 30.1 | 40.5 |
| **आ. अफ्रीका** | **1,178.6** | **1,567.5** | **2,571.3** | **33.0** | **64.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 41.1 | 36.3 | 30.8 | -11.8 | -15.0 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 63.1 | 460.0 | 454.4 | 629.2 | -1.2 |
| 3. केन्या | 13.8 | 13.9 | 17.8 | 1.2 | 27.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 702.2 | 684.9 | 996.9 | -2.5 | 45.5 |
| 5. सूडान | 7.9 | 8.9 | 110.3 | 13.1 | 1,132.5 |
| 6. तंज़ानिया | 8.4 | 10.0 | 14.0 | 19.8 | 39.7 |
| 7. जांबिया | 10.3 | 4.9 | 46.9 | – | 851.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **477.1** | **1,073.2** | **1,393.4** | **124.9** | **29.8** |
| **V. अन्य** | **7.1** | **25.7** | **13.5** | **260.9** | **-47.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **9,496.8** | **93.0** | **311.0** | **-99.0** | **234.3** |
| **कुल निर्यात** | **34,401.6** | **40,935.1** | **56,625.0** | **19.0** | **38.3** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी** : 2006-07 के आंकड़े, जिनमें पेट्रोलियम उत्पादों का देशभर में वितरण शामिल है, पिछले वर्षों के आँकड़ों से यथातथ्य तुलनीय नहीं हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।